15 हजार का इनामी गैंगस्टर दबोचा

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर निवासी जितेन्द्र कुमार वर्मा उर्फ ददुदू गैंगस्टर एक्ट में वांछित है। इसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी घनश्याम चौरसिया ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उसे थानाध्यक्ष सोनवा शिवसरन गौड़ ने शुक्रवार मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मण नगर स्थित पजावा तालाब के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। (संवाद)

इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार हुआ

श्रावस्ती। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने 15 हजार के इनामिया गैंगेस्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को सोनवा थाने के थानाध्यक्ष शिवसरन गौड़ अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट से सम्बंधित 15 हजार रुपये के इनामिया गैंगेस्टर जितेन्द्र कुमार वर्मा उर्फ दद्दू पुत्र सुभाषचन्द्र निवासी रघुनाथपुर थाना सोनवा को पजावा तालाब लक्ष्मननगर के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया।